एक नजर में

गीला और सूखा कचरा अलग अलग रखें स्वच्छता का रखें ध्यान : गुर्जर

मंदसौर। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 हेतु मंदसौर नगर पालिका को घर-घर से गीला व सुख कचरा एकत्रीत करने के लिये म.प्र. शासन द्वारा मंदसौर शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं आधुनिक बनाने के उद्देश्य से नगर को 10 इलेक्ट्रिक एवं 4 डीजल नवीन कचरा वाहन समर्पित किए गए। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने वाहनों का विधिवत पूजन कर उन्हें नगर सेवा हेतु रवाना किया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि मंदसौर शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाया जाए, जिसके लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने अपील की है कि आइए हम सब मिलकर स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दें और अपने शहर को आदर्श बनाएं। इस अवसर स?वार?थ सभापति श्रीमती मकावना ने भी अपने ने भी विचार रखे इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चांवला, स्वास्थ्य सभापति श्रीमती दीपमाला मकवाना, स्वास्थ्य समिति सदस्य श्रीमती रेखा सोनी, श्रीमती सुनीता गुजरिया, पार्षद आशीष गोड़, पूर्व नपा सभापति रामेश्वर मकवाना, पार्षद प्रतिनिधी राजेश सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंदजी शर्मा गैरेज सहायक जाकिर भाई, स?टोर किपर राजे?द्र नीमा भी उपस्थित थे।

जमीन आवंटन के संबंध में 11 मई तक प्रस्तुत करें आपत्ति

मंदसौर। मंदसौर तहसीलदार द्वारा बताया गया कि कार्यालय मुख?य नगर पालिका अधिकारी मंदसौर द्वारा मंदसौर में स्थित शासकीय भूमि सर्वे नम?बर 919/1 रकबा 0.5000 हेक?टेयर मे से रकबा 2500 भूमि पर अमृत 2.0 वॉटर प्रोजेक?ट ओएचटी निर्माण हेतु भूमि आबंटित करने के लिए आवेदन प्रस?तुत किया है। अमृत 2.0 वॉटर प्रोजेक्ट ओएचटी निर्माण के लिए अभिमत 11 मई 2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।

जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

मंदसौर। डिप्टी कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि डिजिटल जनगणना 2027 में ऑनलाईन स्वगणना हेतु प्रोत्साहन के संबंध में 29 अप्रैल 2026 को सायं 6ः00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर के सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

पुलिस कंट्रोल रूम में जनसुनवाई, 46 आवेदनों का त्वरित निराकरण

मंदसौर। आमजन की शिकायतों के त्वरित एवं विधिसंगत निराकरण के उद्देश्य से जिला पुलिस कंट्रोल रूम मंदसौर में मंगलवार को जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने स्वयं उपस्थित होकर कुल 46 आवेदकों की शिकायतें सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारियों को तत्काल निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, एएसपी गरोठ हेमलता कुरील, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, एसडीओपी दिनेश प्रजापति सहित विभिन्न थाना प्रभारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंदसौर में किसान न्याय सत्याग्रह 14वें दिन भी रहा जारी

मंदसौर। देशभर में युवा कांग्रेस द्वारा किसान हितों को लेकर इस प्रकार के किसान न्याय सत्याग्रह आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें किसानों की समस्याओं और नीतिगत मुद्दों को उठाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में मंदसौ कृषि उपज मंडी में चल रहा किसान न्याय सत्याग्रह लगातार चौदहवें दिन भी मंगलवार 28 अप्रैल को जारी रहा।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल ने सत्याग्रह को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का किसान आर्थिक संकट, ब?ती लागत और घटते समर्थन मूल्य के बीच संघर्ष कर रहा है। सरकार की नीतियां किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें और अधिक परेशान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसान न्याय सत्याग्रह किसानों की आवाज को बुलंद करने का एक प्रयास है, जिसमें किसानों के अधिकार, उचित मूल्य, कर्ज से मुक्ति और सम्मानजनक जीवन की मांग प्रमुख है। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। यह आंदोलन केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि किसानों के हक और सम्मान की ल?ई है, जिसमें युवा कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ किसानों के साथ खड़ी है।

सत्याग्रह में मुख्य रूप से पूर्व ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष युनुस मेव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष अनीश मंसूरी, माजिद चौधरी, मयंक चौहान, अर्जुन चौधरी, सम्यक जैन चौधरी, विपिन बंसल, दिलीप पाटीदार, आदर्श जोशी, पप्पू सिंह, अर्जुन सिंह, परसराम जोरावर सिंह, मनोज परिहार, लोकेंद्र सिंह, रईस पटवारी, जफर अली, अंकित अग्रवाल, नितिन शर्मा, अनीश मंसूरी, सिकंदर मंसूरी, रईस खान, समीर खान, आमिन खान, विनोद पटेल, राज नारायण ला?, मोहम्मद सिद्दीकी, राकेश पाटीदार, मंगल पाटीदार, दिलीप गुर्जर, नैन सिंह गुर्जर, रघुवीर सिंह गुर्जर, याकूब मसूरी सहित ब?ी संख्या में युवा व वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

> **किसान न्याय सत्याग्रह का आज होगा समापन**
>
> जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल ने बताया कि इस किसान न्याय सत्याग्रह का समापन आज 29 अप्रैल को दोपहर 2 बजे स्थानीय कृषि उपज मंडी, मन्दसौर में किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष किसान कांग्रेस धर्मेन्द्र चौहान, विधायक महिदपुर दिनेश जैन बॉस, प्रदेश अध्यक्ष एनएसयूआई आशुतोष चौकसे, जिला कांग्रेस प्रभारी मनोज राजानी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस अभिषेक परमार एवं जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस देवास विश्वजीत सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ नेता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर एवं विधायक विपिन जैन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में किसानों एवं आमजन से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने को जनसुनवाई में कलेक्टर गर्ग को दिया आवेदन

मंदसौर। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा आज सुशासन भवन सभाकक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग, एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा कुल 58 आवेदकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर गर्ग ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का शीघ्र और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए। असावती निवासी भेरूलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर सीईओ जनवद गरोठ को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार दलौदा निवासी राजाराम ने भूमि से पोल हटवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार दलौदा को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सेमलिया रानी निवासी शांतिबाई ने रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर तहसीलदार सितामऊ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार बांसाखेड़ी निवासी प्रतापसिंह ने खसरे में सही डाटा इन्द्राज करने के संबंध में आवेदन पेश किया।

गरोठ पुलिस ने 50 किलो से अधिक गांजा किया जब्त, एक गिरफ्तार

गरोठ। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गरोठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 किलो 230 ग्राम गांजा जप्त किया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी फरार बताया जा रहा है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी गुमानसिंह (62) निवासी ग्राम सपानिया को उसके खेत के पास से दो कट्टों में रखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। जब्त गांजे की कीमत करीब 7.50 लाख रुपये आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह मादक पदार्थ उसका पुत्र नारायण सिंह लेकर आया था, जो फिलहाल फरार है।

आरोपियों के विरुद्ध थाना गरोठ में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई थाना प्रभारी बलवीर सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई।

एक नजर — **3 मई को आयोजित होगी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षा**

कलेक्टर गर्ग ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

मंदसौर। 3 मई को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के सफल एवं सुचारु आयोजन को लेकर कलेक्टर अदिती गर्ग व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने मंदसौर जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्रीय विद्यालय मंदसौर, पीजी कॉलेज, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छांव, टेंट, टेबल-कुर्सी तथा कक्षाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, कक्षाओं में पंखों की व्यवस्था, स्वच्छ व कार्यशील वॉशरूम तथा दरवाजे-खिड़कियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा 2026 का आयोजन 3 मई 2026 को दोपहर 2ः00 बजे से 5ः00 बजे तक किया जाएगा।

मंदसौर नगर में परीक्षा हेतु निम्नलिखित केंद्र निर्धारित किए गए हैं— लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, स्टेशन रोड, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधी चौराहा, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, मंदसौर, राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय, मल्हू-नीमच रोड।

कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं।

नीमच

एक नजर में

नीमच की 6 वर्षीय गौरी को मिला नया परिवार

नीमच। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य के तहत नीमच की एक और बालिका को परिवार का स्नेह मिला है। नीमच की बाल गृह में आश्रयरत 6 वर्षीय बालिका गौरी (परिवर्तित नाम) को विधिक प्रक्रिया पूर्ण कर केरल के सोनी दंपति (परिवर्तित नाम) को गोद दिया गया है। प्रकरण का विवरण : कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले में मिशन वात्सल्य का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया, कि मिशन वात्सल्य के तहत यह दत्तक ग्रहण की कार्यवाही पूर्ण की गई। उन्होंने बताया, कि बालिका गौरी (परिवर्तित नाम) आयु 6 वर्ष 4 दिन, वर्ष 2020 से नीमच के सुखसागर महिला मंडल में आश्रयरत थी। संस्था संचालिका ने परिवार को खोजने के भरसक प्रयास किए। एक महिला ने बालिका की माता होने का दावा किया परंतु वह बालिका के संबंध में कोई दस्तावेज या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाई। विधिक प्रक्रिया : कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर विभाग द्वारा विगत 11 माह में की गई कार्यवाही के फलस्वरूप बालिका के संबंध में अन्य कोई जानकारी नहीं मिलने पर विधिवत विज्ञप्ति प्रकाशित करवाकर उसे 'लीगल फ्री' कर ष्ट्रक्पोर्टल पर दर्ज कराया गया। नया परिवार : केरल निवासी सोनी दंपति का विवाह वर्ष 2000 में हुआ था। शादी के 20 वर्ष बाद भी संतान सुख नहीं मिलने पर उन्होंने अक्टूबर 2020 में ष्ट्रक्पर पंजीयन कराया था। साढ़े 5 वर्ष के इंतजार के बाद बालिका गौरी के लिए उनका नंबर आया। विहित प्रक्रिया अपनाकर दंपति ने नियमानुसार गौरी को गोद लिया है।

लॉयंस क्लब को 2738 वां नेत्रदान माथुर परिवार से मिला

नीमच। पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल की ईकाई लॉयंस क्लब नीमच द्वारा अन्धत्व निवारण के लिए चलाए जा रहे नेत्रदान अभियान के तहत दिनांक 27/04/2026, सोमवार को 76 वर्षीय श्रीमती मनोरमादेवी जी माथुर धर्मपत्नी स्व .श्री ब्रजमोहन जी माथुर के देहावसान पश्चात् उनके परिजनों श्रीमती हेमलताजी माथुर, साक्षात् जी माथुर, पूजा जी माथुर, ममता जी माथुर, सुनीता जी वाजपेयी, निज वाजपेयी, रचना जी वाजपेयी एवं परिवार ने लायन महेन्द्र भटनागर श्री विकास जी गोयल, श्री सत्येन्द्र जी सक्सेना की प्रेरणा से लायंस क्लब, नीमच को नेत्रदान कराए। यह नेत्रदान अब तक का 2738 वाँ एवं सत्र का 39 वाँ नेत्रदान है। नेत्र गोमाबाई नेत्रालय के ऑप्थोमेट्रिस्ट कमलाशंकर जी नागदा द्वारा उत्सारित कर जरूरतमंदों को नि:शुल्क प्रत्यारोपण हेतु गोमाबाई नेत्रालय भेजे गए। नेत्रदान सम्पन्न करवाने में क्लब सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, नेत्रदान संयोजक लॉयन रिखब गोपावत, लॉयन बाबूलाल गौड़, लायन शैलेन्द्र पोरवाल 'शैलू', लायन अशोक रामचंदानी, लॉयन सौरभ राठौड़ का सराहनीय सहयोग रहा।

पति की हत्या करने वाली पत्नी को आजीवन कारावास

मनासा। द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मनासा, जिला नीमच आशुतोष यादव ने पति की हत्या करने की आरोपी पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पत्नी ने लोहे के हथौड़े व धारदार छुरे से गला काटकर पति की हत्या की थी। आरोपी पत्नी ममता पति तूफान बंजारा, उम्र-25 वर्ष, निवासी-ग्राम आमद, तहसील मनासा, जिला नीमच को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 2000रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 06 वर्ष पूर्व दिनांक 22.09.2020 की दिन के लगभग 11-12 बजे ग्राम आमद की हैं। घटना दिनांक को थाना कुकडेश्वर पर फोन पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आमद में किसी व्यक्ति की हत्या हो गयी है, जिस पर से एसआई निलेश सौलंकी घटना स्थल पर पँहुचे, जहाँ पता चला कि तुफान बंजारा को उसके घर में किसी ने गला काट कर हत्या कर दी हैं। घटना पर से अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा प्रकरण की विवेचना निरीक्षक कैलाषचंन्द्र चौहान द्वारा की गई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुवा कि मृतक तूफान बंजारा की पहली शादी टूट गयी थी व उसका नातरा विवाह आरोपीया ममता बंजारा से हुआ था, जो मृतक के साथ ही ग्राम आमद में अपने ससुराल कुछ दिन तक अच्छे से रही थी। मृतक के घरवालों को बाद में पता चला था कि ममता की पहले भी ग्राम चूकनी में शादी हो चुकी थी, जहां वह अपने 06 माह के बच्चे को छोड़कर अपने घर ढंढेरी वापस आ गयी थी और गांव के ही एक व्यक्ति के साथ भाग गयी थी व उसी से उसके 7-8 वर्षो से प्रेम संबंध थे और घरवालों ने उसकी जबरन मृतक से शादी कर दी थी। इसी कारण घटना दिनांक को जब मृतक के परिवार के लोग मजदूरी पर गये थे व जब मृतक सो रहा था, उसी समय आरोपीया ममता ने मृतक के सिर पर हथौड़ी की मारी तथा धारदार छुरी से उसका गला काटकर हत्या हत्या कर दी थी। विवेचना के दौरान आरोपीया को गिरफ्तार किया गया, मृतीका व उसके प्रेमी के कॉल रिकार्ड की साक्ष्य एकत्र की गई। अन्य साक्ष्य भी पेश हुए।

> विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक गुलाबसिंह चंद्रावत द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराये गये व आरोपीया व अन्य संबंधीत व्यक्तियों की कॉल डिटेल की साक्ष्य व अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य को प्रस्तुत कर आरोपीया विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे उसको कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुवे आरोपीया को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक गुलाबसिंह चंद्रावत द्वारा की गई।

गांव में मारपीट हमला, पुलिस पर ही सवाल

कार्रवाई के बजाय 'रिश्वत' के आरोप
पीड़ितों ने कलेक्टर-एसपी से लगाई गुहार

नीमच। जीरन थाना क्षेत्र के ग्राम खेताखेड़ा डोरिया से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने कानून व्यवस्था और पुलिस कार्रवाई दोनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक पीड़ित परिवार ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया है कि उनके साथ हुए जानलेवा हमले के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला, उल्टा पुलिस पर ही गंभीर आरोप लग रहे हैं।

पीड़ित राजुलाल ओड ने जनसुनवाई में शिकायत करते हुए बताया कि 24 अप्रैल 2026 की रात करीब 9 बजे, जब वह अपने घर के बाहर मौजूद थे, तभी ट्रैक्टर और मोटरसाइकिलों पर सवार करीब 15 लोग गांव में पहुंचे और अचानक हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में लाठी-डंडे ही नहीं, बल्कि धारदार हथियार भी थे। गाली-गलौज के बीच जान से मारने की धमकियां दी गईं और पूरे परिवार को निशाना बनाया गया।

हमले के दौरान बीच-बचाव करने आई महिलाओं और अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट की गई, जिससे कई लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि हमलावर जाते-जाते महिलाओं के गहने मंगलसूत्र और सोने की चेन छीनकर फरार हो गए।

एक नजर — **जनसुनवाई में पहुंचे मनासा की दो जरूरतमंद छात्राओं को पढ़ाई के लिए मिली सहायता**

कलेक्टर ने दिलाई बीस हजार रुपये की रेडक्रास से आर्थिक मदद

नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मनासा की दो जरूरतमंद छात्राओं अश्वनी एवं मीना को पढ़ाई खर्च के लिए रेडक्रास से बीस हजार रूपये की तत्कालिक आर्थिक सहायता प्रदाने करने के निर्देश रेडक्रास प्रभारी को दिए है। साथ ही उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिए भी आर्थिक मदद के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।

जनसुनवाई में सिंगोली की साजन पति सोनू पादरी के झोपड़ी में आग लग जाने से झोपडी जलने पर आर्थिक सहायता दिलाने के अनुरोध पर कलेक्टर ने पीडिता साजन को रेडक्रास से जांचकर आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा तहसीलदार सिंगोली को आगजनी में हुए नुकसान पर आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए है। कंजार्डा के हीरालाल ने अपने स्वामित्व की जमीन पर कब्जा दिलाने का निवेदन किया। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम मनासा को जमीन का सीमांकन करवाकर, आवेदक को मौके पर कब्जा दिलाने के निर्देश भी दिए है।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में हुड़को कालोनी निवासी बुजुर्ग आवेदिका पुष्पा माने के आवेदन पर रेडक्रास से आर्थिक सहायता प्रदान करने और पुष्पा माने की गम्भीर बीमारी से पीडित पुत्री के उपचार के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर भेजने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिए है।

कलेक्टर ने गिरदौडा की रानी भटनागर को बेटियों के भरण पोषण के लिए रेडक्रास से तत्कालिक आर्थिक सहायता दिलाने तथा स्वरोजगार योजना का लाभ प्रदान कर स्वरोजगार स्थापित करवाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए है।

जनसुनवाई में नीमच सिटी के तुलसीराम, भाटखेडी के मुकेश, अठाना के भंवरलाल, माहुपुरा मोलकी के छीतरमल, पालसोडा की लीलाबाई, रामुपरा के राकेश, जेनुल खान, नयागांव के सत्तु धाकड़, गिरदौडा की सीताबाई, राजू धाकड, कानका की कुशबा नागदा, दामोदरपुरा के गोपालसिह, बरूखेडा के भेरूलाल, कुकडेश्वर के राधेश्याम, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह आंत्री बुजुर्ग के अजय, फोफल्या के सुरेश, मनासा के रमेशचंद्र, जावद के जावद के सलीम खान, नीमच सिटी की प्रेमबाई, सोमाली की शांतिबाई, जाट के भेरूलाल, जेतपुरा की प्रेमबाई, सगरग्राम की चंदाबाई, मोडी की चंद्रीबाई, लालीबाई, पिपलिया खुर्द के बलरामदास, धनेरिया खुर्द के हरिसिह, घसुण्डी बामनी के कैलाशचंद्र, चुडीगली नीमच की ममता सेन, सरवानिया महाराज की पार्वतीबाई, जावद के गोपालदास, कानाखेडा के नारायण भील, जावद के मोहनलाल आदि ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों से भेटकर उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण के निर्देश संबंधित जिला अधिकारियों को दिए है। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश व जिला अधिकारी उपस्थित थे।